प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

......

निर्वाचन विभाग द्वारा शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए स्वीप जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कल सोलन निर्वाचन क्षेत्र के नोडल अधिकारियों ने राजकीय संस्कृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मतदान के बारे में जागरूक किया। स्वीप के नोडल अधिकारी राजेश ठाकुर ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि पहली जून को लोकसभा चुनाव में वे अपना वोट डालें और अपने परिजनों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मेरे एक वोट से क्या फर्क पड़ता है, की धारणा को मिटाना होगा। उन्होंने निर्वाचन विभाग द्वारा सभी मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध करवाई जा रही सुविधा रैंप, कतार रहित मतदान, व्हील चेयर, पीने के पानी, मतदाताओं को बैठने व चिकित्सा सुविधा व स्वयंसेवकों की नियुक्ति के बारे में भी जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके और एक अप्रैल 2024 को 18 वर्ष के हो रहे युवा, अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करवाएं ताकि लोकसभा चुनाव में उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

......

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि नलवाड़ी राज्य का पारंपरिक त्योहार है जो विशेषकर छींज और पशुधन के क्रय–विक्रय के कारण वर्षों से प्रसिद्ध है। कल बिलासपुर में राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश न केवल देवभूमि है बल्कि उच्च सांस्कृतिक मूल्यों का भी पोषक है। उन्होंने कहा कि मेलों और उत्सवों में आयोजित खेलकूद गतिविधियां युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने कहा कि समय के साथ मेले के आयोजन में आए बदलावों से राज्यों के व्यापारियों को पर्याप्त मंच प्रदान कर यह मेला व्यावसायिक बन गया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रत्येक मतदाता से आगामी लोकसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की। राज्यपाल ने कुश्ती मुकाबलों के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया।

......

कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए 6 पूर्व विधायकों और 3 निर्दलीय विधायकों के दिल्ली से शिमला पहुंचने के बाद पर कल देर सायं शिमला में स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने उनका भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश की राजनीति में ये बहुत महत्वपूर्ण क्षण है, 70 साल में ऐसा पहली बार हुआ है जब सत्ताधारी दल के 9 विधायक विपक्षी दल की पार्टी में शामिल हुए। संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सुधीर शर्मा ने कहा कि जब

किसी व्यक्ति के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचे और आपकी बात सुनने वाला कोई ना हो तो ऐसी जगह पर नहीं रहना चाहिए। राजेंद्र राणा ने कहा कि जब से राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी, उनकी सुनवाई नहीं हुई। वहीं रवि ठाकुर ने कहा कि उन्होंने लाहौल–स्पीति की 40 सालों तक बिना किसी स्वार्थ के कांग्रेस में रहकर सेवा की। कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में हमेशा निष्ठा से जुड़ा रहा, लेकिन कांग्रेस सरकार में उन्हें प्रताड़ना झेलनी पड़ी। भाजपा में शामिल होने पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि इन नेताओं ने जनादेश को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि जनता इन चुनावों में इन नेताओं को सबक सिखाएगी।

......

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज आसमान पर घने बादल छाए हुए हैं। मौसम के इस बदलाव से तापमान में एक डिग्री सैल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना जताई है जबकि 25 व 26 मार्च को मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। 27 व 28 मार्च को फिर से प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश–बर्फबारी हो सकती है।

......

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियो पर....

आज सभी समाचार पत्रों ने कांग्रेस के बागी व निर्दलीय विधायकों के भाजपा में शामिल होने की ख़बर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला का शीर्षक है–कांग्रेस के 6 बागियों और निर्दलीय विधायकों ने थामा भाजपा का दामन–केंद्रीय मंत्री अनुराग और जय राम की मौजूदगी में नई दिल्ली में ली पार्टी की सदस्यता। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–3 निर्दलीयों ने भी थामा भगवा, अनुराग–जयराम और बिंदल की उपस्थिति में बने बीजेपी के सदस्य। पंजाब केसरी की सुर्खी है–कांग्रेस के 6 बागी व 3 निर्दलीय विधायक भाजपा में शामिल। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–भाजपा के हुए कांग्रेस के 6 बागी नेता और तीनों निर्दलीय विधायक–बी.जे.पी दिल्ली कार्यालय में ग्रहण की पार्टी की सदस्यता। दैनिक जागरण लिखता है– अंततः–भाजपा के हुए कांग्रेस के 6 बागी और तीन निर्दलीय। दैनिक भास्कर के अनुसार–सियासी चौसर–सरकार गिराने की नौबत लाने वाले 6 विधायकों ने भाजपा ज्वाईन की, उपचुनाव में टिकट का आश्वासन।

आपका फैसला मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है– धनबल की राजनीति करने वालों ने जनादेश से किया धोखा।

अमर उजाला की एक खबर है– कॉलेजों में पी.टी.ए. पीरियड आधार पर शिक्षक, गैर शिक्षक नियुक्ति पर रोक– शिक्षा निदेशालय ने कॉलेज प्रिंसिपलों को जारी किए आदेश।

राजनीतिक संकट से उबारने के लिए सरकार ने बनाई मंत्रिमंडलीय उप–समिति शीर्षक से दैनिक जागरण लिखता है–आर्थिक व राजनीतिक मामलों के समाधान और समग्र चर्चा के लिए दिया दायित्व। हिमाचल दस्तक का शीर्षक है–डैमेज कंट्रोल के लिए कैबिनेट सब कमिटी गठित।

पंजाब केसरी नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के हवाले से लिखता है–केंद्र के साथ हिमाचल प्रदेश में एक साथ बनेगी भाजपा सरकार।

———————————